पंजाब केसरी
TUE,07 JULY 2026
EDITION: KANGRA KESARI, PA

# डी.एल.एड. सी.ई.टी. की अस्थायी उत्तर कुंजी जारी

धर्मशाला, 6 जुलाई (सुनील): हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने दो वर्षीय डिप्लोमा इन एलीमैंटरी एजुकेशन (डी.एल.एड.) प्रवेश परीक्षा की अस्थायी उत्तर कुंजी अपनी ऑफिशियल वैबसाइट पर जारी कर दी है। बोर्ड अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने बताया कि 17 जून को हुई इस परीक्षा की चारों सीरीज की आंसर-की वैबसाइट पर उपलब्ध हैं।

यदि किसी अभ्यर्थी को किसी उत्तर पर कोई एतराज है, तो वह सबूतों के साथ 11 जुलाई शाम 5 बजे तक अपनी आपत्ति बोर्ड की ई-मेल आई.डी. पर भेज सकता है या खुद बोर्ड दफ्तर जाकर जमा करवा सकता है। तय तारीख के बाद और बिना सबूत की किसी भी आपत्ति पर विचार नहीं होगा। इसके बाद विषय विशेषज्ञों की कमेटी जांच करेगी और अंतिम उत्तर कुंजी के साथ ही परीक्षा का नतीजा घोषित किया जाएगा। अधिक जानकारी के लिए अभ्यर्थी बोर्ड के फोन नंबर पर संपर्क कर सकते हैं।

Divya Himachal 07-07-2026

# डीएलएड प्रवेश परीक्षा की अस्थायी उत्तर कुंजी जारी

**नगर संवाददाता — धर्मशाला**

■ आपति दर्ज करने के लिए 11 तक करना होगा आवेदन

हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा आयोजित डिप्लोमा इन एलिमेंटरी एजुकेशन (डीएलएड) की प्रवेश परीक्षा की अस्थायी उत्तर कुंजी सोमवार को जारी कर दी गई। गत 17 जून को दो वर्षीय डीएलएड हेतु सीईटी प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया गया था। प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डा. राजेश शर्मा ने बताया कि उत्तर कुंजी बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है। यदि किसी अभ्यर्थी को उत्तर कुंजी में दर्ज किसी उत्तर के संबंध में कोई आपत्ति है, तो वह अपनी आपत्ति प्रमाणित तथ्यों एवं दस्तावेजों सहित 11 जुलाई तक बोर्ड को ई-मेल के माध्यम से भेज सकते हैं। अभ्यर्थी अपनी आपत्तियां कार्य दिवसों में व्यक्तिगत रूप से भी बोर्ड कार्यालय में जमा करवा सकते हैं। डाक के माध्यम से भेजी गई आपत्तियां भी 11 जुलाई को सायं पांच बजे तक बोर्ड कार्यालय में पहुंच जाना सुनिश्चित करें। बिना प्रमाणित तथ्यों एवं साक्ष्यों के प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्राप्त सभी वैध आपत्तियों की समीक्षा संबंधित विषय विशेषज्ञों की समिति द्वारा की जाएगी।

Amar Ujala
07-07-2026Hi

# डीएलएड एंट्रेंस की आंसर-की जारी

धर्मशाला। शिक्षा बोर्ड ने डीएलएड कॉमन एंट्रेंस टेस्ट-2026 की प्रोविजनल आंसर-की जारी कर दी है। इसमें कोई आपत्ति पाई जाती है तो 11 जुलाई शाम 5 बजे तक आवेदन कर सकते हैं। अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने बताया कि अगर इस आंसर-की में किसी प्रकार की आपत्तियां नजर आती हैं तो अभ्यर्थी 11 जुलाई तक अनुभाग अधिकारी प्रश्न पत्र निर्धारण शाखा को ई-मेल पर भेज सकते हैं। ब्यूरो

Himachal Dastak 07-07-2026

# डीएलएड सीईटी-2026 की अस्थायी उत्तर कुंजी जारी, 11 तक दर्ज कर सकते हैं आपत्तियां

**धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड धर्मशाला ने डीएलएड सीईटी-2026 की अस्थायी उत्तर कुंजी जारी कर दी है। बोर्ड अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने बताया कि 17 जून को आयोजित दो वर्षीय डिप्लोमा इन एलिमेंटरी एजुकेशन (डीएलएड) कॉमन एंट्रेंस टेस्ट-2026 की अस्थायी उत्तर कुंजी बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है। उन्होंने बताया कि परीक्षा की सीरीज-ए, बी, सी और डी की उत्तर कुंजी जारी की गई है। यदि किसी अभ्यर्थी को किसी उत्तर पर आपत्ति है, तो वह प्रमाणित तथ्यों एवं आवश्यक दस्तावेजों सहित अपनी आपत्ति 11 जुलाई तक बोर्ड की ई-मेल पर भेज सकता है। अभ्यर्थी अपनी आपत्तियां कार्य दिवसों में व्यक्तिगत रूप से बोर्ड कार्यालय में भी जमा करवा सकते हैं। बोर्ड अध्यक्ष ने स्पष्ट किया कि 11 जुलाई के बाद प्राप्त किसी भी मौखिक या लिखित आपत्ति पर विचार नहीं किया जाएगा। डाक से भेजी गई आपत्तियां भी 11 जुलाई को सायं 5 बजे तक बोर्ड कार्यालय में पहुंच जानी चाहिए। बिना प्रमाणित तथ्यों एवं साक्ष्यों के प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्राप्त सभी वैध आपत्तियों की समीक्षा विषय विशेषज्ञों की समिति करेगी। समिति की संस्तुतियों के आधार पर अंतिम उत्तर कुंजी तैयार की जाएगी, जिसे परीक्षा परिणाम के साथ बोर्ड की वेबसाइट पर प्रकाशित किया जाएगा। इस संबंध में अभ्यर्थियों को अलग से कोई व्यक्तिगत सूचना नहीं दी जाएगी। अधिक जानकारी के लिए अभ्यर्थी हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के दूरभाष नंबर 01892-242134 पर संपर्क कर सकते हैं।

# डीएलएड सीईटी-2026 की अस्थायी उत्तर कुंजी जारी, 11 जुलाई तक दर्ज कर सकते हैं आपत्तियां



**धर्मशाला, ( आपका फैसला )।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड धर्मशाला के अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि बोर्ड द्वारा दिनांक 17 जून, 2026 को आयोजित Two Years Diploma in Elementary Education Common Entrance Test (D.El.Ed. CET)-2026 की अस्थायी उत्तर कुंजी (Provisional Answer Key) बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट [www.hpbose.org] पर अपलोड कर दी गई है। उन्होंने बताया कि उक्त प्रवेश परीक्षा की उत्तर कुंजी Series-A, B, C एवं D के लिए जारी की गई है। यदि किसी अभ्यर्थी को उत्तर कुंजी में दर्ज किसी उत्तर के संबंध में कोई आपत्ति है, तो वह अपनी आपत्ति प्रमाणित तथ्यों एवं दस्तावेजों सहित दिनांक 11 जुलाई, 2026 तक ई-मेल आईडी [hpbosesopapersetting.yx@gmail.com] पर भेज सकता है। अभ्यर्थी अपनी आपत्तियां कार्य दिवसों में व्यक्तिगत रूप से भी बोर्ड कार्यालय में जमा करवा सकते हैं। डॉ. शर्मा ने स्पष्ट किया कि दिनांक 11 जुलाई, 2026 के उपरांत प्राप्त किसी भी मौखिक अथवा लिखित आपत्ति पर विचार नहीं किया जाएगा। डाक के माध्यम से भेजी गई आपत्तियां भी 11 जुलाई, 2026 को सायं 5:00 बजे तक बोर्ड कार्यालय में पहुंच जाना सुनिश्चित करें। बिना प्रमाणित तथ्यों एवं साक्ष्यों के प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्राप्त सभी वैध आपत्तियों की समीक्षा संबंधित विषय विशेषज्ञों की समिति द्वारा की जाएगी। समिति की संस्तुतियों के आधार पर अंतिम उत्तर कुंजी (Final Answer Key) तैयार की जाएगी, जिसे परीक्षा परिणाम के साथ बोर्ड की वेबसाइट पर उपलब्ध करवाया जाएगा। इस संबंध में अभ्यर्थियों को व्यक्तिगत रूप से अलग से कोई सूचना प्रदान नहीं की जाएगी। बोर्ड अध्यक्ष ने अभ्यर्थियों से आग्रह किया है कि वे उत्तर कुंजी का सावधानीपूर्वक अवलोकन कर निर्धारित समयावधि के भीतर ही अपनी आपत्तियां प्रस्तुत करें। अधिक जानकारी के लिए अभ्यर्थी बोर्ड कार्यालय के दूरभाष नंबर 01892-242134 पर संपर्क कर सकते हैं।

# "अनुपूरक परीक्षाओं के दौरान शिक्षा बोर्ड की कड़ी निगरानी, भविष्य में अत्याधुनिक सीसीटीवी व्यवस्था होगी अनिवार्य"

दैनिक जागो वर्ल्ड ! धर्मशाला/ राकेश कुमार

हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड (HPBOSE), धर्मशाला के अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि वर्तमान में आयोजित की जा रही मैट्रिक एवं जमा दो अनुपूरक परीक्षाओं की बोर्ड द्वारा विभिन्न माध्यमों से निरंतर निगरानी की जा रही है। परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी व्यवस्था, उड़नदस्तों एवं अन्य निगरानी तंत्र के माध्यम से परीक्षा संचालन पर कड़ी नजर रखी जा रही है, ताकि परीक्षाएं पूर्णतः निष्पक्ष, पारदर्शी एवं नकलमुक्त वातावरण में संपन्न हो सकें। उन्होंने कहा कि शिक्षा बोर्ड परीक्षा प्रणाली की विश्वसनीयता एवं पवित्रता बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है तथा अनुचित साधनों एवं अन्य अनियमितताओं के प्रति शून्य सहनशीलता (Zero Tolerance) की नीति अपनाई गई है। बोर्ड समय-समय पर परीक्षा केंद्रों एवं विद्यालयों को अपने निगरानी तंत्र को सुदृढ़ एवं तकनीकी रूप से उन्नत बनाने के लिए भी जागरूक कर रहा है।डॉ. शर्मा ने बताया कि भविष्य की बोर्ड परीक्षाओं को ध्यान में रखते हुए परीक्षा केंद्रों में अत्याधुनिक सीसीटीवी निगरानी व्यवस्था को अनिवार्य करने का निर्णय लिया गया है। अब सभी संबद्ध विद्यालयों एवं संस्थानों को परीक्षा आरंभ होने से पूर्व अपने परीक्षा केंद्रों के सभी परीक्षा कक्षों/हालों तथा प्रत्येक प्रवेश एवं निकास द्वार पर वीडियो एवं ऑडियो रिकॉर्डिंग सुविधा से युक्त सीसीटीवी कैमरे स्थापित करने होंगे। उन्होंने बताया कि परीक्षा केंद्रों में स्थापित निगरानी प्रणाली के लिए नेटवर्क वीडियो रिकॉर्डर (NVR) के माध्यम से



कम से कम छह माह तक रिकॉर्डिंग सुरक्षित रखना भी अनिवार्य होगा। इसके अतिरिक्त सीसीटीवी प्रणाली के लिए उपयोग की जाने वाली नेटवर्क कनेक्टिविटी एवं IP Address को स्थायी (Static) स्वरूप में बनाए रखना होगा, ताकि आवश्यकता पड़ने पर रिकॉर्डिंग तत्काल उपलब्ध करवाई जा सके। बोर्ड अध्यक्ष ने आगे बताया कि परीक्षा केंद्रों के आवंटन से पूर्व बोर्ड द्वारा संबंधित विद्यालयों एवं संस्थानों का निरीक्षण भी किया जाएगा, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि वहां निर्धारित मानकों के अनुरूप अत्याधुनिक एवं तकनीकी रूप से उन्नत निगरानी व्यवस्था उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि इन उपायों से परीक्षा केंद्रों की निगरानी और अधिक प्रभावी होगी तथा नकल एवं अन्य अनियमितताओं पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करने में सहायता मिलेगी। डॉ. शर्मा ने सभी संबद्ध विद्यालयों एवं संस्थानों से इन निर्देशों का समयबद्ध अनुपालन सुनिश्चित करने का आग्रह करते हुए कहा कि परीक्षा की पारदर्शिता एवं विश्वसनीयता बनाए रखना शिक्षा बोर्ड, विद्यालयों एवं समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है।

The Sunny Times

# HPBOSE D.EL.ED. CET 2026 KEYS OUT: HERE'S HOW AND WHEN TO FILE YOUR OBJECTIONS

***The Sunny Times | Dharamshala***

The Himachal Pradesh Board of School Education (HPBOSE) has officially dropped the provisional answer key for the D.El.Ed. Common Entrance Test (CET) 2026, and the clock is ticking for candidates who spot a mistake. Board Chairman Dr. Rajesh Sharma announced that the keys for all four question paper sets—Series A, B, C, and D—are now live on their official website. If you sat for the exam back on June 17, now is your chance to double-check their work against yours.

But don't just sit there and grumble if you find a discrepancy—you actually have a window to challenge it, provided you back up your claims with solid proof. Dr. Sharma made it crystal clear that the board isn't playing around with deadlines; you have until July 11, 2026, to file your official objections. You can either shoot them an email at hpbosesopapersetting.43@gmail.com or physically march into the board office on a working day to hand over your documents. Even if you choose old-school snail mail, your papers need to hit their desks by 5:00 PM on July 11, because anything arriving later, or lacking proper documentary evidence, will head straight into the trash bin.

Once the deadline closes, a panel of subject-matter experts will sit down to review all the legitimate complaints. If your objection holds water, they will tweak the answers and draw up the definitive final answer key. This final version will launch right alongside the actual exam results on the website, so don't expect a personal letter or phone call to tell you whether you won the argument. The board is urging everyone to review the keys carefully right away, but if you hit a snag or need a human to talk to, you can dial their office at 01892-242134 for more details.

